प्रेषक,

विकास सिंह
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर रेलवे),
गाजियाबाद।
ID No.-UP 01800

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
गाजियाबाद।

विषय- माननीय उच्च न्यायालय के सर्कुलर लेटर नंबर 63/IV-h-16/Admin(A) दिनांकित 10/12/1998 और सर्कुलर लेटर नंबर-16//IV-h-16/Admin(A) दिनांकित 13/05/2004 व सर्कुलर लेटर नंबर 14325/IV-h-16/Admin-A-IV दिनांकित 03/12/2021 के अनुपालन में चल व अचल सम्पत्ति के विवरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सन्दर्भ में सादर निवेदन है कि माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त सर्कुलर लेटर नंबर दिनांकित 10/12/1998 व 13/05/2004 व 03/12/2021 के अनुपालन में प्रार्थी द्वारा इस सेवा में दिनांक 19/12/2009 को योगदान आख्या प्रस्तुत करने पर उक्त सर्कुलर लेटर के अनुपालन में प्रार्थी द्वारा नियुक्ति की तिथि दिनांक 19/12/2009 तक का अपनी चल व अचल सम्पत्ति का विवरण श्रीमान जनपद न्यायाधीश, वाराणसी के पत्र संख्या 246/I दिनांकित 28.02.2011 के द्वारा अपने पास दिनांक 19.12.2009 को उपलब्ध अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रेषित किया था। उसके बाद प्रार्थी वित्तीय वर्ष (2011-2012) व (2012-2013) दो वित्तीय वर्ष हेतु, अपनी चल व अचल सम्पत्ति का विवरण इस पत्र के साथ ऑनलाइन प्रेषित कर रहा है। चल व अचल सम्पत्ति के उक्त विवरण को विलम्ब से प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में विनम्र निवेदन करना है कि वित्तीय वर्ष 2011 से 2013 के मध्य ज्यादातर आशुलिपिक के उपलब्ध न होने कारण एवं जनपद हमीरपुर 1 माह के लिए स्थानान्तरण के कारण एवं परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की समस्याओं के कारण एवं कार्य की अधिकता के कारण एवं चल सम्पत्ति से सम्बन्धित दस्तावेजों की प्रतियाँ खो जाने के कारण व समय से चल सम्पत्ति के दस्तावेजों की प्रतियाँ न मिल पाने के कारण मैं अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति का उक्त विवरण समय से माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सका था।

अतः माननीय महोदय से अनुरोध है कि दो वित्तीय वर्ष (2011-2012) व (2012-2013) हेतु उक्त चल व अचल सम्पत्ति के विवरण को सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए, विलम्ब को क्षमा करते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु ग्रहण करने की कृपा की जावे।

'सादर'

दिनांक:17.12.2021

भवदीय

(विकास सिंह)
अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर रेलवे)
गाजियाबाद।
ID No.-UP 01800

संलग्नक-
उपरोक्तानुसार